भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के कार्गो विभाग के निगमतीकरण से बनी स्वतंत्र कार्गो सहायक कंपनी "एएआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड" का उद्घाटन किया गया ।

नई दिल्ली, 26 अक्तूबर 2016: श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री द्वारा दिनांक 25 अक्तूबर, 2016 को होटल ताज पैलेस, नई दिल्ली में एएआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड (ए ए आई सी एल एस) का उद्घाटन किया गया । ए ए आई सी एल एस भाविप्रा के कार्गो विभाग के निगमतीकरण से बनी एक स्वतंत्र कार्गो सहायक कंपनी है । श्रीमती नीरा रावत को इस सहायक कंपनी का एम डी नियुक्त किया गया है तथा श्री बी.के. मेहरोत्रा ए ए आई सी एल एस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी होंगे ।

इस कंपनी का ध्येय एयर कार्गो हैंडलिंग तथा संबंधित सेवाओं पर प्राथमिक बल देते हुए भारत में प्रमुख एकीकृत लॉजिस्टिकस नेटवर्क का प्रचालक बनना है । इस नई सहायक कंपनी को अपनी पृथक संस्कृति, संगठनात्मक अवसंरचना तथा व्यापार मॉडल विकसित करने की छूट होगी किन्तु साथ ही वह अपने वृहद मूल संगठन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की सुदृढ़ता का लाभ भी उठा सकेगी ।

भाविप्रा के कार्गो विभाग द्वारा की जा रही सभी गतिविधियां नई कंपनी में समाहित हो जाएंगी तथा विभाग भविष्य में भाविप्रा के साथ कार्य नहीं करेगा । कार्गो गतिविधियों के सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी द्वारा शीघ्र ही सभी अंशधारकों के साथ एक व्यापक चर्चा प्रारम्भ की जाएगी । कंपनी के तीन प्रमुख लक्ष्य होंगे:- (क) एयर कार्गो हैंडलिंग तथा संबंधित सेवाएं (ख) वेयर हाउसिंग तथा कान्ट्रेक्ट लॉजिस्टिक्स एवं (ग) एयर कार्गो रोड फीडर तथा एयर फ्रेट स्टेशन

भाविप्रा द्वारा एयर कार्गो कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड की रचना के बहुआयामी लाभ होंगे क्योंकि आने वाले समय में भाविप्रा की ओर से कार्गो संबंधी अनेक गतिविधियां होंगी । भाविप्रा के पास पहले ही कार्गो हैंडलिंग में वृहद मानव संसाधन है जिनके पास कार्गो प्रचालन के लिए अपेक्षित कुशलता व अनुभव है जिसका संगठनात्मक हित के लिए भरपूर लाभ उठाया जा सकेगा । भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा एयर कार्गो मूवमेंट के माध्यम से पूरे देश में क्षेत्रीय संपर्कता स्थापित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं ।

डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, आई ए एस, अध्यक्ष, भाविप्रा द्वारा इस तरह की अपनी प्रथम भाविप्रा सब्सिडरी को मील के पत्थर के रूप में स्थापित करने हेतु उन्हें तथा उनकी टीम को शुभ्कामनाएं दी गई । उन्होंने उनसे यह भी अनुरोध किया कि वे इस कंपनी को नवनिर्मित कंपनी के स्तर से उठाकर एक प्रभावशाली कंपनी के स्तर तक ले जाएं तथा यह सुनिश्चित करें कि भाविप्रा व देश को इन प्रयासों का लाभ प्राप्त हो ।

---

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787

सं. 44/2016-17

**श्री पी. अशोक गजपति राजू, माननीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री होटल ताज पैलेस, नई दिल्ली में एएआई कार्गो लॉजिस्टिक्स एंड एलाइड सर्विसेज कंपनी लिमिटेड के उद्घाटन के अवसर पर दीप प्रज्ज्वलित करते हुए । साथ में उपस्थित हैं, डॉ. गुरूप्रसाद महापात्र, आई ए एस, अध्यक्ष, भाविप्रा, श्री आर.एन. चौबे,आई ए एस, नागर विमानन सचिव तथा श्री सुधीर रहेजा सदस्य (योजना), भाविप्राव सुश्री नीरा रावत, कार्यपालक निदेशक (कार्गो), भाविप्रा ।**